आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 26.02.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आयुर्वेद के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने के प्रयास पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर जिले में तीन करोड़ सैंतीस लाख से अधिक की धनराशि के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।
- चारधाम तीर्थयात्रा में इस वर्ष सभी श्रद्धालुओं को ''स्वास्थ्य धाम पोर्टल'' पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करना होगा।
- **और**, राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

**दीक्षांत समारोह–राज्यपाल संबोधन**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आयुर्वेद के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने के प्रयास पर विशेष बल दिया है। उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के ऋषिकुल परिसर, हरिद्वार में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद में विभिन्न प्राकृतिक औषधियों और उपचार विधियों के माध्यम से संक्रमण से लड़ने की शक्ति होती है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं के समाधान में आयुर्वेदिक औषधियों, पंचकर्म और योग की भूमिका को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि योग और ध्यान, प्राचीन भारतीय परंपरा के वे अमूल्य उपहार हैं, जो व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक संतुलन को बनाए रखते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आयुर्वेद के क्षेत्र में नवीन शोध एवं अनुसंधान पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा एवं औषधीय पौधों के वैज्ञानिक अध्ययन से वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने आयुर्वेद के प्रचार–प्रसार के लिए डिजिटल तकनीक और आधुनिक विज्ञान के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया।

**शिलान्यास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर जिले में तीन करोड़ सैंतीस लाख से अधिक की धनराशि के तीन विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों में कल्याणपुर में सड़क के दोनों ओर पाथ–वे निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने का काम और कलेक्ट्रेट परिसर में पार्किंग निर्माण शामिल हैं। थारू इंटर कॉलेज खटीमा में आयोजित एक कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखंड को एक अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में लगाातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया

कि राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है, साथ ही किसानों को सशक्त बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन, कृषि, बागवानी और सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## सीबीएसई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई, वर्ष 2025–26 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने इसके लिए तैयार किए गए मसौदे पर 9 मार्च तक विचार आमंत्रित किए हैं। मसौदे में पहली परीक्षा फरवरी से मार्च तक और दूसरी परीक्षा मई में कराने का प्रस्ताव है।

सीबीएसई ने कहा है कि दो में से एक परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी और सुधार की जरुरत महसूस करने पर विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

## शहीद मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले के दुगड्डा पार्क में तीन दिवसीय शहीद मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की, जिनमें दुगड्डा नगर पालिका क्षेत्र में एक बहुउद्देशीय भवन, शहीद भवानी सिंह रावत स्मृति स्थल का सौंदर्यीकरण, और निराश्रितों के लिए रैन बसेरा बनाने की योजना शामिल है। इसके अलावा, दुगड्डा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम स्वर्गीय मोहनलाल बौंठियाल के नाम पर रखने और मिनी स्टेडियम की स्थापना की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की।

## चिंता व्यक्त

जैविक खाद्य उत्पादकों और विपणन एजेंसियों के परिसंघ ने उत्तराखंड से जैविक उत्पादों के निर्यात में 66 प्रतिशत की भारी गिरावट पर चिंता व्यक्त की है। परिसंघ के अध्यक्ष डी एस रावत ने ऊधमसिंह नगर जिले के पंतनगर में सतत जैविक निर्यात के लिए आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि 2022–23 में राज्य का जैविक उत्पादों का निर्यात 11 दशमलव छह करोड़ रुपये था, जो 2023–24 में घटकर चार दशमलव दो करोड़ रुपये रह गया है। जैविक उत्पादों का निर्यात 285 टन से घटकर केवल 97 टन रह गया है।

इस कार्यक्रम में 100 से अधिक किसान शामिल हुए, जिसमें निर्यात में गिरावट के कारणों पर चर्चा हुई। परिसंघ के अध्यक्ष ने राज्य सरकार से किसानों को प्रोत्साहन देने, मंडियां स्थापित करने, और जैविक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की, ताकि स्थिति में सुधार हो सके और खेती को फिर से लाभदायक बनाया जा सके।

## तैयारियां

उत्तराखंड सरकार आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों में पूरी तरह से जुट गई है। इस कड़ी में, स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने शासन में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें यात्रा के स्वास्थ्य संबंधित इंतजामों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान, डॉ. कुमार ने यात्रा मार्ग पर मेडिकल रेस्पॉन्स प्वाइंट्स (एमआरपी) की संख्या बढ़ाने, स्क्रीनिंग पाइन्ट्स में सुधार और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पंजीकरण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को ''स्वास्थ्य धाम पोर्टल'' पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करना होगा। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य प्रोफाइल अपलोड करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य मित्रों की नियुक्ति की जाएगी, जो कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर कार्य करेंगे। सभी संबंधित विभागों को यात्रा की शुरुआत से पहले सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि यात्रा में किसी प्रकार की कोई कमी न हो।

## महाशिवरात्री

प्रदेश में महाशिवरात्रि के पर्व पर आज तड़के से ही श्रद्धालु विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। खासतौर पर राज्य के प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। महाशिवरात्रि के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मंदिरों के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा और शिवत्व के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। यह शिव और शक्ति की आराधना का पर्व है, जो हमें आत्मचिंतन, भक्ति और सृजनात्मक शक्ति की ओर प्रेरित करता है।

## मौसम

प्रदेश में आज मौसम ने करवट बदली है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में सुबह से बादल छाए हैं। विभिन्न स्थानों से हल्की बारिश की ख़बर है। मौसम विभाग के अनुसार नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में आज हल्की बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। विभाग के अनुसार बारिश और बर्फबारी का यह दौर अगले दो दिनों में और बढ़ेगा और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने कल कहीं–कहीं भारी बारिश और ओलावृष्टि की संभावना भी जताई है। इसके अलावा, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में दो हजार आठ सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी का अनुमान है।

**बैठक**

गर्मियों के दौरान प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर रोकथाम के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इसी संबंध में कल अल्मोड़ा जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संवेदनशील वन क्षेत्र जहां पानी की पाइप लाइन बिछी हुई हैं वहां प्रत्येक 500 मीटर पर पानी का प्वाइंट बनाने को कहा, जिससे वनाग्नि के दौरान आग पर काबू पाया जा सके। उन्होंने इस संबंध में पूर्व में भी बैठक कर संबंधित अधिकारियों को इस पहल को लागू करने के निर्देश दिए थे।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दुगड्डा में तीन दिवसीय शहीद मेले में प्रतिभाग करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रमुखता स्थान दिया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा— वन्यजीववों से सुरक्षा को कानून बनेगा, समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है— जंगलों में आग लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई के साथ नुकसान की वसूली भी की जाएगी।

उत्तराखंड में बदले मौसम के समाचार सभी अखबारों की सुर्खियों में है। अमर उजाला की शीर्षक है— आज से चार दिन बारिश—बर्फबारी,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार करने से जुड़े मसौदा नियमों को मंजूरी की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से अपने सुर्खी बनया है।

रूद्रप्रयाग जिले में—गुलदार के हमले में महिला की मौत की खबर को सभी अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाया है।